**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांक: 24.06.2025** **समय : 09:00 ए.एम.**

- **प्रदेश में आज से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा शुरू होगा–9 जुलाई तक शिविर लगाकर गरीब कल्याण की योजनाओं को जन–जन तक पंहुचाया जायेगा।**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–वन्यजीवों का संरक्षण और संवर्धन करना सभी की अहम जिम्मेदारी**
- **गिव अप अभियान के तहत राज्य में अब तक लगभग 22 लाख लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा।**
- **राज्य के ज्यादातर हिस्सों में मॉनसून सक्रिय –कई क्षेत्रों में अच्छी बारिश।**

प्रदेश में आज से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा शुरू हो रहा है। 9 जुलाई तक चलने वाले इस पखवाडे के तहत गरीबी मुक्त गांव योजना के पहले चरण में 5 हजार गांवो में बीपीएल परिवारों को गरीबी से ऊपर लाया जायेगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि अन्त्योदय पखवाडे के तहत प्रदेशभर में गरीब कल्याण की योजनाओं को जन जन तक पंहुचाया जायेगा।

.....

पखवाडे के तहत हर तहसील में रोजाना दो से तीन शिविर लगाये जायेंगे। शिविरों में विभिन्न लंबित मामलों का निस्तारण और योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जायेगा। साथ ही गरीब मुक्त गांव योजना के लिये दस हजार गांवों में बीपीएल परिवारों का सर्वे किया जायेगा।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वन्यजीवों का संरक्षण और संवर्धन करना सभी की अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वन्यजीवों तथा जैव विविधता के लिए प्राथमिकता से काम कर रही है। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री निवास पर राज्य वन्यजीव मण्डल की 15वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने वन्यजीवों के महत्व को लेकर व्यापक स्तर पर जागरुकता की आवश्यकता जताई। मुख्यमंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों को वन्यजीव प्रबंधन के कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग करने और लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने साइबेरियन क्रेन जैसे प्रवासी पक्षियों को फिर राजस्थान में लाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा। साथ ही विभागीय अधिकारियों को हर गांव–हर शहर में वन मित्र और वृक्ष मित्र बनाने के निर्देश दिए।

0000

राजस्थान और अन्य प्रदेशों में देवस्थान विभाग के मंदिरों के जीर्णोद्धार और मरम्मत के काम जल्द शुरू किये जायेंगे। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कल जयपुर में आयोजित देवस्थान विभाग की बैठक में अधिकारियों को इसके निर्देश दिए। उन्होंने इन कामों के लिए जल्द से जल्द डीपीआर बनाकर काम करने को कहा। उन्होंने वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत वर्ष–2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू करने के साथ ही सिन्धु दर्शन यात्रा योजना का संशोधित प्रारूप लागू करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में सिख धर्म के प्रमुख तीर्थ स्थल श्री पटना साहिब और हजूर साहिब को भी वरिष्ठ नागरिक तीर्थ योजना में शामिल करने को लेकर चर्चा हुई।

**0000**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में भारत के दो महान आध्यात्मिक और नैतिक गुरु, श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक वार्तालाप के शताब्दी समारोह का शुभारंभ करेंगे। यह समारोह आध्यात्मिक गुरुओं और अन्य सदस्यों को एक साथ लाएगा, ताकि लोग उनके दूरदर्शी संवाद सुन सकें और उन्हें याद कर सकें। उनके संवाद भारत के सामाजिक और नैतिक ताने–बाने को आकार देते रहे हैं। श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के सामाजिक न्याय, एकता और आध्यात्मिक सद्भाव के साझा दृष्टिकोण के लिए यह श्रद्धांजलि है।

0000

प्रदेश में गिव अप अभियान के तहत अब तक 21 लाख 80 हजार सक्षम लोगों ने खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ स्वेच्छा से छोड़ा है। इससे राज्य को लगभग 430 करोड़ रूपये के राजस्व की वार्षिक बचत होगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले मंत्री सुमित गोदारा ने कल बाडमेर में खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खाद्य सुरक्षा से कोई पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहे इसके लिए नए लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा योजना में जोड़ा जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से प्रदेश में 45 लाख नए पात्र लाभार्थियों को योजना में शामिल किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को अभियान में ज्यादा से ज्यादा सक्षम लोगों को खाद्य

सुरक्षा का लाभ छोड़ने के लिए प्रेरित करने को कहा। ताकि आने वाले समय में अधिक पात्र लोगों को योजना से फायदा पंहुचाया जा सकें।

0000

राज्य के ज्यादातर हिस्सों में मॉनसून सक्रिय हो गया है और कई क्षेत्रों में अच्छी बारिश हो रही है। कल प्रदेश के कई इलाकों में एक से सात इंच तक बारिश दर्ज की गई। बीते 24 घंटों के दौरान सबसे अधिक बरसात बारां जिले के मांगरोल में दर्ज की गई, जहां करीब 7 इंच पानी बरसा। भारी बारिश के कारण क्षेत्र में नदी–नालों में उफान आ गया। हमारे बारां संवाददाता ने बताया कि तेज बरसात से पार्वती नदी उफान पर आ गई। इससे किशनपुरा बांध पर 12 फीट की चादर चल रही है।

.....

राजधानी जयपुर में कल दिनभर रूकरूक कर बरसात होती रही। हनुमानगढ में दोपहर बाद बरसात हुई। इससे मौसम खुशगवार हो गया है। मौसम विभाग ने आज पांच जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट और 23 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में कल से 27 जून के दौरान आंधी और बारिश की गतिविधियाँ बढ़ सकती हैं।

0000

सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना के लिए विकल्प चुनने की आखिरी तारीख को तीन महीने बढ़ाकर इस वर्ष 30 सितंबर तक करने का निर्णय लिया है। यह तारीख पात्र केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और मृतक सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कानूनी रूप से विवाहित जीवनसाथी पर लागू होगी। वित्त मंत्रालय ने इस वर्ष जनवरी में पात्र केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना को अधिसूचित किया था। उन्हें राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से एकीकृत पेंशन प्रणाली में जाने के लिए योजना के तहत अपना विकल्प चुनने के लिए इस महीने की 30 तारीख तक समय दिया गया था।

0000